ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

कक्षा -7

हिन्दी (LOWER)

पाठ -1

नया साल

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow



1 नया साल

चिंतन-मनन

समय सदा एक-सा नहीं रहता वह परिवर्तनशील है। जीवन-मूल्य शाश्वत हैं। मनुष्यता के प्रति सच्चा तथा मनुष्यता को श्रेष्ठ मानने वाला ही सज्जन है। बच्चो अच्छे गुण अपनाकर अपने व्यक्तित्व को निखारिए।

नया साल नई उमंगें,
जगा नया विश्वास।
नया साल फिर से ले आया,
एक नया अहसास।।

बीते समय की बात छोड़ दें,
बुराइयों से नाता तोड़ लें।
घिसी-पिटी ना रहे ज़िंदगी,
इसको भी इक नया मोड़ दें।।

प्रेम करुणा की हवा में,
ले पाएँ सभी फिर साँस।
नया साल फिर से ले आया,
एक नया अहसास।।

शब्दार्थ-

उमंगे- जोश
अहसास-अनुभव होना
नाता- संबंध
करुणा-दया,रहम
धिसी-पिटी - पुराना,जो बहुत दिनों से चली आ रही है

अर्थवोध-

* नया साल नई जोश, नया विश्वास,और नया अनुभव लेकर आया है।

* जो समय बीत गया है उसे छोड़कर, बुराइयों को त्यागना चाहिए।

* एक नए विश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

* धिसी-पिटी जीवन को छोड़कर जीवन को एक नई दिशा देना चाहिए।

* प्रेम और करुणा की भावना को अपनाकर सब सुख सुविधा से जीवन बिताएँ।

* नया साल सब केलिए एक नया अनुभव लेकर आए।

गृहकार्य-

पढ़ाया गया पाठ को पढ़ो |

THANKING YOU

ODM EDUCATIONAL GROUP